भोपाल, बुधवार 17 अक्टूबर, 2018 | 02

स्वदेश www.swadesh.in

छात्रों ने सीखा प्राथमिक उपचार का तरीका

भोपाल • शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं गांधी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से प्राथमिक उपचार सम्बन्धी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक उपचार की विभिन्न जानकारियां विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर डॉ आर .पी. शाक्य जी ने कहा कि प्राथमिक उपचार ही असली मानव सेवा है, जब सड़क दुर्घटना के दौरान कोई व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त होता है तब प्राथमिक उपचार की जानकारी और बारीकियां ही व्यक्ति के जीवन का बचाव करती है। गांधी मेडिकल कॉलेज से आए स्टूडेंट ने कुत्ते के द्वारा काटने, नाक से खून बहना, मोच आना, बेहोश होना, गले में कुछ अटकना, मिर्गी आना, छोटी चोट से खून बहना, सांप के द्वारा काटना आदि के बारे में बचाव सम्बन्धी विस्तृत जानकारियां प्रदान की।

2 भोपाल, बुधवार, 6 जून, 2018

नवभारत

पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

पर्यावरण दिवस के मौके पर कलचुरी सेना जहाज पार्क में 21 पौधे लगाकर पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया.

चलाया स्वच्छता अभियान-विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महा विद्यालय एनएसएस के छात्रों ने काली मंदिर घाट भोजपुरा पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं जल प्रदूषण , वायु प्रदूषण के बारे में लोगों को अवगत कराया साथ ही सभी आम जनों को यह बात समझाई कि अपने आसपास स्वच्छता रखें पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाएं .